Bareilly, Saturday,
17 October 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO : 06 MIDDLE

SRMS इंजीनियरिंग कॉलेजों में रही डांडिया की धूम

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (16 Oct): एसआरएमएस (श्रीराम मूर्ति स्मारक) ट्रस्ट के इंजीनियरिंग कॉलेजों में शुक्रवार को डांडिया उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. एसआरएमएस सीईटी और एसआरएमएस सीईटीआर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट और फार्मेसी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. पारंपरिक डांडिया की धुनों पर विद्यार्थियों ने जमकर नृत्य किया और उत्सव का आनंद लिया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने के साथ उनमें आपसी सद्भाव, एकता और सांस्कृतिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना था. इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डीन डॉ. शैलेश सक्सेना, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. सत्य देव सहित सभी फैकल्टी सदस्य व कर्मचारी मौजूद रहे.

PIC: DAINIK JAGRAN INEXT

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ डांडिया .